आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 02.09.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2 हजार 817 करोड़ रुपए के डिज़िटल कृषि मिशन को मंजूरी दी।
- राज्य सरकार ने नैनीताल के कालाढूंगी में पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक की आठ किलोमीटर से अधिक लंबाई की नहर कवरिंग को स्वीकृति किया।
- मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी पर मुख्यमंत्री ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी।
- सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में आज लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

कैबिनेट बैठक

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल 2 हजार 817 करोड़ रुपए की लागत वाले डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल कृषि मिशन को कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय कैबिनेट ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए कुल 3 हजार 979 करोड़ रुपये की लागत से फसल विज्ञान को मंजूरी दी है। सरकार ने दो हजार 291 करोड़ रुपये की लागत से कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने का भी फैसला किया है। कैबिनेट ने एक हजार सात सौ दो करोड़ रुपये की लागत से सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक हजार 202 करोड़ रुपये की लागत से कृषि विज्ञान केंद्र और एक हजार 115 करोड़ रुपये की लागत से प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूत करने का फैसला भी किया है।

स्वीकृति

नैनीताल के कालाढूंगी में पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक की आठ किलोमीटर से अधिक लंबाई की नहर कवरिंग को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इस नहर के कवरिंग व सुदृढ़ीकरण से मार्ग की चौड़ाई बढेगी और चौफला, कठघरिया, कमलुवागांजा, घुनी, भगवानपुर और रामणी क्षेत्र की आबादी लाभान्वित होगी। कॉलटैक्स–पनचक्की से लेकर चौफुला–कठघरिया तक नहर कवरिंग और मार्ग का चौड़ीकरण करने से यह मार्ग एक 2 लेन बाईपास के रूप में कार्य करेगा। इससे नैनीताल से दिल्ली, देहरादून वाया बाजपुर, रामनगर, कॉर्बेट नेशनल पार्क के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों को फायदा मिलेगा। इससे हल्द्वानी शहर में यातायात घनत्व को कम करने में भी सहायता मिलेगी। देहरादून में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में इस नहर की कवरिंग के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया। मुख्य सचिव ने इस योजना को गुणवत्ता के साथ तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। करीब साढ़े बारह करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस

योजना के निर्माण की अवधि एक वर्ष प्रस्तावित की गयी है। योजना के निर्माण के दौरान भूमिगत जल रिचार्ज और पौधारोपण पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

## सदस्यता अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र सौंपा। सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा अपने साथ नए सदस्य जोड़ेगी और पार्टी के मौजूदा सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण किया जाएगा। यह अभियान आज से दस नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। सदस्यता अभियान का पहला चरण इस महीने की 25 तारीख को संपन्न होगा। भाजपा का चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोडकर पूरे देश में अपने सदस्यता अभियान के हिस्से के रूप में कम से कम दस करोड़ नए सदस्यों की भर्ती करने का लक्ष्य है। उत्तराखंड में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत कल से होगी। अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सदस्यता दिलाने के साथ होगी।

## निरीक्षण

जल शक्ति मंत्रालय की ओर से उत्तराखण्ड के लिए नामित केंद्रीय नोडल अधिकारी रंजीता रश्मि अपने तीन दिवसीय दौरे पर आज चंपावत पहुंची। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जल संरक्षण के तहत हो रहे कामों का निरीक्षण किया। उन्होंने शारदा के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया और बस्तियां गांव में वन विभाग की नर्सरी के निरीक्षण करने के साथ ही महिला समूह के महिलाओं के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। नोडल अधिकारी के साथ तकनीकी दल भी चम्पावत पहुंचा है, जो क्षेत्र में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करेगा।

## स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी

अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी से सम्बद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जल–स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए दीर्घकालीन और व्यापक योजना तैयार कर इनकी निगरानी और रखरखाव के लिए भी प्रावधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए जिलों में काम करने के लिए एक–एक कोर टीम तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में भारतीय जल विज्ञान संस्थान को सौंग और नयार नदी जबकी आईआईटी रूड़की को शिप्रा और गौड़ी नदी की मैपिंग और विश्लेषण करने की जिम्मेदारी दी गयी।

## उत्तराखंड राज्य विधिक

अल्मोड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दुर्गम क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज द्वारसो और राजकीय इंटर कॉलेज मजखाली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कियाा। इस दौरान विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के माता–पिता के भरण–पोषण और केद्र सरकार द्वारा लॉन्च पहली टोल फ्री राष्ट्रीय मादक द्रव्य विरोधी हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। वहीं पौड़ी में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने घुड़दौडी इंजीनियरिंग कॉलेज में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।

मसूरी गोलीकांड

आज मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी के शहीद राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों के सपनों का राज्य बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उत्तराखंड के लिए मसूरी में छह राज्य आंदोलनकारियों ने अपना बलिदान दिया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि अलग राज्य निर्माण के लिए प्रदेश की जनता ने बड़ा संघर्ष किया है। इसमें मातृ शक्ति ने सबसे बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

गंगा स्नान

हरिद्वार में आज सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए ब्रह्म कुंड हरकी पौड़ी समेत हरिद्वार के सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। पुलिस–प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए थे। पुलिस–प्रशासन ने स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को 14 जोन व 39 सेक्टरों में विभाजित किया था। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात प्लान भी लागू किया था।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में देहरादून और बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने राज्य के मौसम के संबंध में और अधिक जानकारी दी।

इस बीच, भारी बारिश और भूस्खलन के कारण चमोली जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग विभिन्न स्थानों पर यातायात के लिए बाधित है। वहीं, जिले में हुई भारी बारिश से कर्णप्रयाग विकासखण्ड के सिमली बाजार में 11 घरों और 6 दुकानों में मलबा घुस गया। आवासीय भवनों और दुकानों से मलबा हटाने का काम जारी है।